# आओ जी आओ जी गोगाजी | By Sunny Hari

गोगा तेरी शान निराली
कोई दर से जाए ना खाली
राजा रंक भी दर पे आये
तेरी शरण में शीश झुकाएं
आओ जी आओ जी आओ जी ना बाबा अब देर करो
देर करो ना गोगाजी ना बाबा अब देर करो
आओ जी आओ जी आओ जी ना बाबा अब देर करो

हम भक्तों पे तेरी कृपा सदा बरसती रहती है
सदा बरसती रहती हैं.......
दरश दिखा दो तुम भक्तों को आंख्ने तरसती रहती हैं
आँखें तरसती रहती हैं .......
तेरा मैं श्रृंगार सजाऊँ
गोगाजी को लाड लड़ाऊं
दर पे तेरे शीश झुकाऊं
बिनती अपनी तुमको सुनाओ
आओ जी आओ जी आओ जी ना बाबा अब देर करो

तुमसा कोई और ना देखा
तुम तो अंतरयाम्मी हो
तुम ही मेरे अन्नदाता हो
तुम ही मेरे स्वामी हो
अर्ज़ी मेरी सुनलो बाबा
दर्श अब तो दिखा दो बाबा
चरणों से अपने लगा लो बाबा
जीवन नैया तारो बाबा
आओ जी आओ जी आओ जी ना गोगा अब देर करो
आओ जी आओ जी आओ जी ना गोगा अब देर करो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-sunny-hari/